सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर–272202
उ0प्र0(भारत)Email Id: registrarsidduniv@gmail.com

पत्रांक–1558/शो0अनु0/सि0वि0वि0/2024 दिनांक–23/12/2024

अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर की शोध पात्रता परीक्षा 2023–24 में उत्तीर्ण तथा तद्नुसार दिनांक 03 से 06 सितम्बर, 2024 तक आयोजित काउन्सिलिंग में सम्बन्धित विषयों की विभागीय शोध समितियों द्वारा विभिन्न विषयों के पी–एच0डी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों को पी–एच0डी0 कोर्स वर्क हेतु शुल्क ऑनलाइन जमा की अनुमति प्रदान की जाती है। अभ्यर्थी अपनी निर्धारित शुल्क दिनांक 24.12.2024 से दिनांक 31.12.2024 तक सम्बन्धित चालान पर शुल्क जमा करके शुल्क की प्राप्ति रसीद अपने पास प्रिंट करके सुरक्षित कर लें। शुल्क जमा करने का लिंक www.suksn.edu.in पर उपलब्ध है।

उक्त तिथि तक शुल्क न जमा करने वाले शोध अभ्यर्थियों के प्रवेश का अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

अभ्यर्थियों को तत्सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वे शुल्क जमा करने से पूर्व यह भली–भाँति सुनिश्चित कर लें कि–

1. समस्त विषयों के लिये निर्धारित छह महीनों के पी–एच0डी0 कोर्स वर्क की कक्षाएँ सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के परिसर में ही (**ऑफलाइन**) संचालित होंगी, जिनमें प्रत्येक अभ्यर्थी को अनिवार्यतः प्रतिभाग करना होगा।
2. अभ्यर्थियों पर पी–एच0डी0 से सम्बन्धित अन्य सभी नियम–विनियम सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के पी–एच0डी0 अध्यादेश–2024 के अनुसार लागू होगें।

नोट– जिन शोध अभ्यर्थियों का महाविद्यालय से **अनापत्ति प्रमाण–पत्र** अप्राप्त है, उपलब्ध कराने पर चालान/शुल्क का पोर्टल यथा समयानुसार खोला जायेगा।

23/12/24

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पंत्राक– /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/प्रभारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त विभागीय शोध समिति अध्यक्ष, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. शोध समन्वयक/सह–समन्वयक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. उपकुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
6. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
7. निजी सचिव, कुलपति जी, मा0 कुलपति जी को अवलोकनार्थ प्रेषित।
8. मीडिया प्रभारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
9. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।